☎ : (0551) 2257138
2257570

गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक एवं कॉम्पोनेन्ट सेन्टर

गोरखनाथ मंदिर परिसर, गोरखनाथ, गोरखपुर-273015

पत्रांक.........................

दिनांक.....09 / 04 / 18

वैज्ञानिक गोष्ठी

बहुराष्ट्रीय कंपनी **Ortho Cinical & Diagniostic** द्वारा प्रायोजित एक महत्वपूर्ण एवं विशिष्ट वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन **Medanta The Medicity Hospital** गुंडगॉव तथा **LE Meridine Hotel** में **दिनांक 06 एवं 07 अप्रैल** को आयोजित किया गया था। इस संगोष्ठी में देश के 100 उच्चस्तरीय एवं महत्तवपूर्ण ब्लड बैंक की भागीदारी सुचिश्चित की गई थी । **हमें गर्व है कि गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक भी देश के सर्वश्रेष्ठ ब्लड बैंक की सूची में सम्मिलित होने के कारण इस संगोष्ठी में भाग लेने का सुअवसर प्राप्त हुआ।** इस संगोष्ठी का उदेश्य था **BSF** यानी की **Blood Security Force** ।

इस संगोष्ठी में तमाम रक्ताधान वैज्ञानिकों ने विभिन्न विषयों पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया, अधिकतर व्याख्यान सुरक्षित रक्ताधान से संबंधित विषय पर ही आधारित थे, **बहुत कुछ नुतन जानकारी प्राप्त हुई तथा कुछ सीखने को भी मिला।** रक्ताधान से संबंधित कुछ सरकारी विनियामक संस्थाओं के अधिकारी भी इसमें सम्मिलित हुए जैसे FDCA, NACO, NBTC, SBTC, इत्यादि। एक वैज्ञानिक सत्र नियमावली नाना प्रकार के सरकारी अध्यादेश विभिन्न प्रकार के नियमों को लागू करने के संबंध मे विस्तार से चर्चा हुयी यह भी उन अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया की इसमें कौन सी विनियामक संगठन है जो प्रमुख है तथा कौन सी संस्थाएं अनुषांगीक वर्ग में आती हैं अथवा सभी आवश्यकता पूर्वक अपना – अपना कार्य करते हुए रक्ताधान विषय पर अपना नियंत्रण रखती है। इस पर कोइ एक समान एवं सामूहिक विचार निकलकर नही आया ब्लड बैंक के प्रभारी द्वारा **FFP** द्वारा औषधी निर्माण करने वाली कंपनियों की आपूर्ती के संबंध में एक प्रश्न किया गया, नाको द्वारा जारी एक **प्रपत्र वर्ष 2016 को संदर्भित करते हुए डा0 अवधेश अग्रवाल प्रभारी गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक ने पूछा की सामान्य रुप से कंपनियों द्वारा दि जाने वाली धन राशी रु0 1600/– निर्धारित कि गयी है क्या वह पूरे देश में सामान्य रुप से लागु करने कि बाध्यता सभी ब्लड बैंक को है इसका भी कोई गंभीर समाधान एवं उत्तर अधिकारियों द्वारा नही दिया जा सका।** अंत में यह कहा जा सकता है कि इस संगोष्ठी में रक्ताधान के महत्तवपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई तथा एक **ज्ञान वर्धक एवं सकारात्मक दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम Ortho Cinical & Diagniostic की तरफ से** उठाया गया।

Guru Shri Gorakshnath Blood Bank Gorakhpur Component Centre

डा0 अवधेश अग्रवाल

उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं ब्लड बैंक प्रभारी
गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय गोरखनाथ
गोरखपुर